रविवासरीय
हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
रविवार
15 जनवरी, 2023

Page No. 08 : Bottom

नर्सिंग के विद्यार्थियों ने ली मानव सेवा की शपथ

एसआरएमएस में नर्सिंग के विद्यार्थियों ने ली मानवसेवा की शपथ

बरेली। श्रीराममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ नर्सिंग में शनिवार को लैम्प लाइटिंग एंड ओथ सेरेमनी हुई। इसमें जीएनएम के 17वें बैच के 64 और बीएससी नर्सिंग के छठे बैच के 60 विद्यार्थियों ने लेडी विद द लैंप नाम से विख्यात फ्लोरेंस नाइटिंगेल से प्रेरणा लेते हुए मानवसेवा की शपथ ली। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से जीएनएम, बीएससी और एमएससी नर्सिंग के 17 मेधावी विद्यार्थियों को 3.70 लाख रुपये की स्कालरशिप प्रदान की गई।

बरेली स्थित मिलिट्री हास्पिटल के कमांडेंट ब्रिगेडियर जसविंदर सिंह, एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति और ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि कमांडेंट ब्रिगेडियर जसविंदर सिंह ने वर्ड डायबिटीज डे पर हुए क्विज प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से प्रथम रहीं बीएससी थर्ड ईयर की रिया और प्रिया साहनी, सेकेंड इयर की निशा और काजल, वर्ड स्ट्रोक डे पर क्विज प्रतियोगिता में पहले स्थान पर रही बीएससी थर्ड इयर की शिवानी त्रिवेदी और प्रिया साहनी का प्रमाणपत्र दिया।

दैनिक जागरण
बरेली, रविवार
15 जनवरी, 2023
नगर संस्करण

Page No. 04 : Bottom

एसआरएमएस कालेज आफ नर्सिंग में हुई ओथ सेरेमनी में छात्राओं को छात्रवृत्ती देते, मिलिट्री हास्पिटल के कमांडेंट ब्रिगेडियर जसविंदर सिंह साथ में एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति और ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति • सौ.संस्थान

एसआरएमएस में हुई लैम्प लाइटिंग एंड ओथ सेरेमनी

बरेली : श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ नर्सिंग में शनिवार को लैम्प लाइटिंग एवं ओथ सेरेमनी हुई। इसमें जीएनएम के 17वें बैच के 64 और बीएससी नर्सिंग के छठे बैच के 60 विद्यार्थियों ने लेडी विद द लैंप नाम से विख्यात फ्लोरेंस नाइटिंगेल से प्रेरणा लेते हुए मानव सेवा की शपथ ली। एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से जीएनएम, बीएससी और एमएससी नर्सिंग के 17 मेधावियों को 3.70 लाख रुपये की स्कालरशिप प्रदान की गई। बरेली स्थित मिलिट्री हास्पिटल के कमांडेंट ब्रिगेडियर जसविंदर सिंह, एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति और ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति ने विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। वि.